卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 312 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦24 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# पुलिस के खिलाफ छात्र शक्ति सड़कों पर

**नर्स रेप और हत्याकाण्ड में पुलिस की भूमिका पर फूटा गुस्सा, बैरीटिंग तोड़ी, अधिकारियों के साथ झड़प, सीबीआई जांच की मांग**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नर्स तस्लीमा जहां हत्याकाण्ड की सीबी आई जांच कराये जाने को लेकर आज सरदार






भगत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने जोरदार प्रदर्शन कर एसएसपी कार्यालय कूच किया,जहां पुलिस द्वारा उन्हे रोकने के लिये लगाई गई बेरिकेटिंग को तोड़ने के प्रयास में पुलिस की छात्र-छात्राओं से जोरदार झड़प भी हुई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुये जोरदार हंगामा भी किया। इससे पूर्व सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं हाथों में तख्तियां लिये महाविद्यालय से जुलूस की शक्ल में रवाना हुयें जुलूस जब एसएसपी कार्यालय के समीप पहुंचा तो वहां मौजूद भारी संख्या पुलिस कर्मियों ने प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राओं को एसएसपी कार्यालय परिसर में प्रवेश करने से रोकने के लिये बेरिकेटिंग लगा दी। जिस पर प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राएं और भड़क गये और उन्होंने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुये बेरिकेटिंग को पार करने की कोशिश की और उस पर चढ़ गये। जिस पर पुलिस कर्मियों ने प्रदर्शनकारी छात्र- छात्राओं को पीछे धकेलना शुरू किया। इस दौरान पुलिस और छात्र- छात्राओं में तीखी झड़प हो गई। छात्र-छात्राओं का आरोप था कि तस्लीम जहां हत्याकाण्ड में पुलिस मुख्य आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रही है। इस मामले की सीबीआई जांच कराई जाये। उन्होंने एसएसपी द्वारा हाल ही में दिये गये बयान की कड़ी शब्दों में निन्दा करते हुये कहा कि एसएसपी ने कहा कि उन्होंने समाज को सुधारने का ठेका नही ले रखा। प्रदर्शन के दौरान छात्र-छात्राएं एसएसपी द्वारा पूर्व में दिये बयान के विरोध में 'हम तालिबानी नही,बल्कि छात्र है हिन्दुस्तान के' (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्रदर्शन के दौरान कई छात्राएं बेहोश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नर्स तस्लीमा जहां हत्याकाण्ड की सीबी आई जांच कराये जाने को लेकर आज सरदार भगत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं के एसएसपी कार्यालय के समक्ष किये जा रहे प्रदर्शन के दौरान एक छात्र सहित कई छात्राएं बेहोश हो गई। जिससे अन्य प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राओं में खलबली मच गई। बेहोश छात्राओं को तत्काल उपचार के लिये जिला (शेष पृष्ठ सात पर)

## डम्पर की टक्कर से महिला की मौत,पति गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत देर सायं बिलासपुर बाईपास मार्ग पर तेज गति से जा रहे डम्पर चालक ने सामने जाती मोटर साईकिल का पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाईक सवार दम्पत्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोंषित कर दिया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार



राजा कालोनी ट्रांजिट कैम्प निवासी पूरन लाल गत दिवस अपनी पत्नी 42 वर्षीय पार्वती के साथ बाईक संख्या यूके 06 एआर 8598 पर सवार होकर बांसनगरी रामपुर में रिश्तेदारी में गया था। देर सायं जब वह पार्वती के साथ घर वापस लौट रहा था इसी दौरान मार्ग में बिलासपुर बाईपास पर एक ढ़ाबे के पास पीछे की ओर से तेज गति से आ रहे डम्पर संख्या जीजे 37 टी 2880 के चालक ने उनकी बाईक को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे पूरनलाल व पार्वती छिटककर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गये। डम्पर चालक वाहन छोड़ मौके सें फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस के साथ ही परिजन भी मौके पर आ गये। दोनों घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया जहां (शेष पृष्ठ सात पर)

## घर में सो रहे युवक की हत्या,भाई गंभीर

**नानकसागर डाम पार देर रात पारिवारिक रंजिश में हुई सनसनीखेज वारदात**

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नानकसागर डाम पार परिवारिक विवाद के चलते रात में सोते समय दो सगें भाईयों पर धारधार हथियार से हमला कर एक भाई को मौत के घाट उतार दिया गया, जबकि छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसें उपचार के लिए खटीमा से हल्द्वानी रैफर कर दिया है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने हमलावारों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार नानकसागर डाम पार के ग्राम चैतुआखेड़ा में देर रात्रि 22 वर्षीय बलविन्द्र सिंह पुत्र स्वरूप सिंह और उसका छोटा भाई 18 वर्षीय बन्टी पुत्र स्वरूप सिंह घर में सो रहें थे। दोनों भाईयों पर परिवारिक विवाद में उसके रिश्तेदार ने ही धारधार हथियार हमला कर दिया। हमले में बड़ें भाई बलविन्द्र की मौत हो गई। जबकि छोटा भाई बन्टी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को रात्रि मे ही खटीमा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर हालत में उसे हल्द्वानी उपचार के लिए भेजा गया है। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष देवेन्द्र गौरव ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि घटना को परिवारिक रंजिश के चलते किसी रिश्तेदार ने ही अंजाम दिया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को तहरीर नही मिली है। पुलिस ने घटना की जांच के साथ ही हमलावर की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

## नशे के इंजेक्शन समेत एक गिरफ्तार

हल्द्वानी। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने युवक को नशे के इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया है।उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस को काबुल के बगीचे में नशे के इंजकेशन बेचने के आरोप में एक युवक को पकड़ने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसके पास से नशे के 6 इंजेक्शन बरामद हुए हैं। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मो. इकरार पुत्र मो. मुन्ने निवासी पप्पू का बगीचा थाना बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने आरोपी इके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

## एसटीएफ ने पकड़ी अवैध शराब की फैक्ट्री

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसटीएफ और पुलिस ने काशीपुर में अवैध शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक शराब माफिया को गिरफ्तार किया है। मौके से भारी मात्रा नकली शराब की पेटियां, कैमिकल,रैफर व शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि टीम को




पिछले काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि जनपद ऊधमसिंह नगर के काशीपुर क्षेत्र में कहीं किसी मकान में नकली शराब बनाने की फैक्ट्री संचालित की जा रही है जिस पर एसटीएफ की टीम लगातार कार्य कर रही थी। शुक्रवार शाम टीम को एक गोपनीय सूचना के जरिये उक्त मकान का पता लग गया जिस पर टीम द्वारा तुरन्त आबकारी विभाग व थाना आईटीआई की टीम को साथ लेकर कार्यवाही करते हुए उक्त मकान को घेरकर रेड की गयी तो मकान के अन्दर नकली शराब बनायी जा रही थी। टीम को देखकर एक व्यक्ति तुरन्त अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। मौके पर अमनदीप सिंह(शेष पृष्ठ सात पर)

## मां बेटी से छेड़छाड के बाद मुंह पर उड़ेला खौलता तेल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला खेड़ा में कुछ लोगों द्वारा दुकान पर बैठी महिला से छेड़छाड़ करने बाद उसके और उसकी पुत्री के मुंह पर खौलता तेल उड़ेल दिया गया। न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में रफीक अहमद पुत्र रईस अहमद निवासी खेड़ा13 ने वसीम पुत्र यासीन, सददाम पुत्र यासीन, दानिश पुत्र यासीन, यासीन पुत्र वसरूददीन, शाकुल नबी पुत्र मोहम्मद नवी निवासीगण वार्ड 13 खेडा के विरूद्ध आरोप लगाया है कि 30 मार्च 2024 की सांय उसके बीमार होने की वजह से उसकी पत्नी दुकान पर बैठी थी तभी सामने वाली दुकान पर बैठा वसीम उसकी पत्नी व पुत्री पर अभद्र टिप्पणी कर फब्तियों कसने लगा। जिसका विरोध करने पर वसीम ने पत्नी पर पत्थरों से हमला कर दिया और अपने भाई सददाम, दानिश व पिता यासीन एवं अपने सहयोगी शाकुल नवी एवं अन्य लोगों को भी बुलवा लिया जो कि हाथ में डण्डे, सरिये, लाठी एवं धारदार छुरी लेकर आ गये। आते ही दुकान व घर में घुसकर(शेष पृष्ठ सात पर)

**तेरहवीं / श्रद्धांजलि सभा**



अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे परमपूज्य पति **श्री रामबाबू शास्त्री जी** (पूर्व शिक्षक विधायक एवं प्रदेश महामंत्री, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा संघ)का स्वर्गवास 13-08-2024 दिन मंगलवार को हो गया है। उनकी दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु **तेरहवीं / श्रद्धांजलि सभा** का भोज कार्यक्रम **दिनांक 25-08-2024 दिन रविवार** दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक स्थान: होटल अमरदीप, रामपुर रोड, निकट रिलायंस पेट्रोल पम्प, बिलासपुर, रामपुर में होगा। दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करने हेतु पधारने का कष्ट करें।

**शोकाकुल परिवार**

**श्रीमती कमलेश शर्मा ( पत्नी )**
डॉ विजय प्रकाश मिश्रा-डॉ० अश्वनी मिश्रा ((पुत्र-पुत्रवधू)
सूरज मिश्रा-अर्चना मिश्रा (भतीजा-पुत्रवधू)
चन्द्रप्रकाश मिश्रा- रश्मि मिश्रा (भतीजा-पुत्रवधू)
हर्षवर्धन, यश, सर्वश (पौत्र)

## जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं को लेकर ठुकराल ने दिया धरना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस कार की टक्कर से गर्भवती महिला सहित चार लोगों की हुई मौत से गुस्साये पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने आज कार्यकर्ताओं के साथ जिला चिकित्सालय में सांकेतिक धरना देकर जिला अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर जमकर गुब्बार निकाला। उन्होंने कहा कि यदि जिला चिकित्सालय में प्रसव के लिए आई महिला को भर्ती कर लिया जाता तो चार लोगों के साथ ही महिला के गर्भ में पल रहे शिशु की जान भी बच जातीं। लेकिन ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने बाहर हो रही वर्षा को भी नजरअंदाज कर गर्भवती महिला व उसके साथ आये लोगों को वापस भेज दिया। जो दुर्घटना का काल



बन गये। उन्होंने कहा कि इस घटना के लिए कार चालक सहित चिकित्सा स्टॉफ व एम्बुलेंस कर्मी भी समान रूप से दोषी हैं। उनके विरूद्ध भी मुकदमा दायर किया जाना चाहिए। उन्होंने कह कि अपने कार्यकाल में उन्होंने विधायक निधि से दो एम्बुलेंस जिला चिकित्सारलय को दी थीं लेकिन आज उनका कोई अता पता नहीं है। ठुकराल ने चिकित्सालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं का खुलासा करते हुए कहा कि कहा कि चिकित्सालय में दवायें हाने के बाद भी मरीजों को बाहर से दवा खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। जिसमें कमीशन (शेष पृष्ठ सात पर)

**आवश्यकता है**

इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।

-संपर्क करें-
8433432291

# ओबीसी आरक्षण के रैपिड सर्वे पर घमासान, सदन में अटके दो विधेयक

## मानसून सत्र के आखरी दिन अनुपूरक बजट सहित सात विधेयक हुए पारित, विस सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित










देहरादून/ गैरसैंण(उद ब्यूरो)। ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में मानसून सत्र के तीसरे दिन विपक्ष की गैरमौजूदगी में 5013.05 करोड़ का अनुपूरक बजट, सात विधेयक पारित किए। वहीं, दो विधेयकों को प्रवर समिति को सौंपा गया। वहीं विपक्ष ने आपदा के मुद्दे पर सदन के बाहर और अंदर हंगामा किया। आपदा पर चर्चा के लिए पर्याप्त समय न देने पर विपक्ष से सदन से वॉक आउट किया। तीन दिवसीय सत्र में सदन की कार्यवाही 18 घंटे 9 मिनट चली। ये विधेयक हुए पारित 1-उत्तराखंड( उत्तर प्रदेश नगर पालिकाअधिनियम 1916)संशोधन विधेयक 2024 2-उत्तराखंड लोक तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली विधेयक 2024 3-उत्तराखंड राज्य विधानसभा विविध संशोधन विधेयक 2024 4-उत्तराखंड ( उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950)संशोधन विधेयक 5-उत्तराखंड राज्य क्रीड़ा विश्वविद्यालय विधेयक 2024 6-उत्तराखंड कामगार और सुधारात्मक सेवाएं विधेयक 2024 7-उत्तराखंड विनियोग विधेयक 2024। विधानसभा में सत्ता पक्ष के विधायकों के विरोध में उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश) नगर निगम अधिनियम, 1959 संशोधन विधेयक सदन में पारित नहीं हो सका। सरकार को बिल प्रवर समिति के हवाले करना पड़ा। प्रवर समिति एक महीने में अपनी सिफारिशें देगी। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी प्रवर समिति के सदस्य तय करेंगी। इसके अलावा राज्य विवि विधेयक भी प्रवर समिति को भेज दिया गया। इस विधेयक पर भी सत्ता पक्ष के विधायक ने एतराज जताया। सदन में जब अपनी ही सरकार के विधेयक को लेकर सत्ता पक्ष के विधायक सवाल उठा रहे थे, उस दौरान विपक्ष सदन से अनुपस्थित था। सदन पटल पर आए विधेयक पर चर्चा के दौरान भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने ओबीसी के लिए हुए रैपिड सर्वे पर सवाल उठाए। कहा, कास्ट बेस्ड सर्वे जाति माता-पिता से होती है न कि स्थान से तय होता है। कहा, राज्य की डेमोग्राफिक प्रोफाइल पर चिंता करने की जरूरत है। विधायक विनोद चमोली, प्रीतम पंवार, दुर्गेश्वर लाल साह ने भी सर्वे पर सवाल उठाया। कहा, विषय को प्रवर समिति के पास भेज दिया जाए। इस विषय काफी चर्चा हुई। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल और सौरभ बहुगुणा ने भी पक्ष रखा। बाद में संसदीय कार्यमंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल ने प्रस्ताव किया कि विधेयक को प्रवर समिति को सौंप दिया जाए। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने कहा, इसे प्रवर समिति को भेजा जाएगा। समिति एक महीने में प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी। उसकी अनुशंसा नगर पालिका और नगर पंचायत पर भी लागू होगी। सत्तापक्ष के सदस्य के एतराज पर राज्य विवि विधेयक प्रवर समिति को भेज दिया गया। यह विधेयक विस में आठ सितंबर-2023 को पारित हुआ था। इसे राजभवन ने संदेश सहित विस को पुनर्विचार के लिए लौटा दिया था। इसे संशोधन सहित विचार के लिए रखा गया। चर्चा के दौरान विधायक सुरेश गडिया ने विधेयक में संशोधन की मांग करते हुए प्रवर समिति को भेजने की मांग की। इस पर संसदीय कार्य मंत्री ने इसका प्रस्ताव किया। कहा, प्रवर समिति के सदस्य भी विस अध्यक्ष तय करें। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने विधेयक को प्रवर समिति को सौंपने और समिति को एक महीने में अपना प्रतिवेदन देने का आदेश दिया।

## 500 सवालों में से सिर्फ 109 का जवाब

### स्पीकर ने बदला अपना विनिश्चय, तीस मिनट चर्चा का वक्त दिया

गैरसैण। विस अध्यक्ष खंडूड़ी ने विपक्ष के काम रोको प्रस्ताव को अनुमति न देने और बाद में केवल आधे घंटे का वक्त देने के मुद्दे पर भी पक्ष रखा। कहा कि आज कई महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा होनी थी, इसलिए 310 की मांग को अस्वीकार किया। गैरसैंण मॉनसून सत्र के तीसरे दिन सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। समस्त कार्यवाही पूर्ण होने के बाद अपराह्न तीन बजे विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की। सत्र में कुल 500 सवालों में से 109 के जवाब दिए गए। तीन दिवसीय मानसून सत्र में सदन की कार्यवाही 18 घंटे नौ मिनट तक चली। मीडिया से बातचीत करते हुए विस अध्यक्ष खंडूड़ी ने विपक्ष के काम रोको प्रस्ताव को अनुमति न देने और बाद में केवल आधे घंटे का वक्त देने के मुद्दे पर भी पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि आज कई महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा होनी थी, इसलिए 310 की मांग को अस्वीकार किया। बाद में अपना विनिश्चय बदलते हुए उनकी बात को मान भी लिया और 30 मिनट का वक्त दिया। इसमें उन्हें तय करना था कि कितना बोलना है पर वे गुस्सा हो गए और चले गए, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। सदन बेहतर तरीके से निभाने का करती हूं प्रयास विस अध्यक्ष ऋतु



खंडूड़ी ने कहा कि महिलाएं अपने दायित्वों को 400 प्रतिशत तक बेहतर तरीके से निभाने का प्रयास करती हैं। मुझे प्रधानमंत्री ने स्पीकर बनाया है। यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। कहा कि बचपन से ही सेना से संबंध रहा है। पिताजी सैनिक रहे हैं। देखा है कि देश-प्रदेश के प्रति जिम्मेदारी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि गैरसैंण में इस साल भले ही तीन दिन का सत्र रहा हो, लेकिन अगला सत्र कम से कम 10 दिन का होगा। यही नहीं गैरसैंण में साल भर रौनक रहे, इसके लिए विभिन्न स्तर पर गतिविधियों को बढ़ाने की तैयारी भी है। संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि विपक्ष का रवैया गैर जिम्मेदाराना रहा। विस परिसर में मीडिया कर्मियों से बातचीत में अग्रवाल ने कहा कि सत्र की अवधि कार्यमंत्रणा समिति में तय की जाती है। उसमें सत्ता और विपक्ष के सभी प्रतिनिधि होते हैं। विपक्ष जानबूझ कर हंगामे की स्थिति पैदा करता है जिससे उसे सदन में न रहना पड़े। सरकार हर विषय पर हर वक्त चर्चा के लिए तैयार है। बीते रोज देर रात 10.20 बजे तक भी सत्र संचालित हुआ। आज आपदा जैसे अहम विषय पर सरकार अब तक की वस्तुस्थिति रखने आई, विपक्ष ने पहले हंगामा करते हुए व्यवधान किया और चला गया। अग्रवाल ने कहा कि विपक्ष को सरकार पर झूठे आरोप लगाने के बजाय आत्ममंथन करना चाहिए।

# आपदा प्रभावितों के लिए नहीं होगी धन की कमी : धामी

## सीएम ने कहा : ग्रीष्मकालीन राजधानी के अनुरूप गैरसैण का विकास करना हमारा लक्ष्य, अब संपत्तियों के नुकसान की भरपाई दंगाइयों से ही की जाएगी

गैरसैण(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गैरसैंण में आयोजित विधानसभा सत्र की समाप्ति के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए सदन में हुई सकारात्मक चर्चा को राज्य हित में बताया। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष के साथी जल्दबाजी नहीं करते तो सदन और लंबा चलता। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन में कई विधेयकों के साथ अनुपूरक बजट पर चर्चा हुई तथा उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई। अनुपूरक बजट, सामान्य बजट की पूर्ति के लिए लाया गया है। राज्य में वित्तीय अनुशासन के साथ राजस्व बढ़ाने तथा खर्चों को कम करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए राजस्व प्राप्ति के क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ऋण लेने की प्रक्रिया में भी कमी लाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास केंद्र पोषित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने का है। राज्यांश कम होने वाली योजनाओं का लाभ प्रदेशवासियों को मिले, इस पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के गेस्ट हाऊसों का बेहतर ढंग से संचालन कर इन्हें आय के संशधनों से जोड़ने में मददगार बनाया जा रहा है। राज्य



की भावी पीढ़ी को बेहतर वित्तीय स्थिति का लाभ मिले इसके लिए हम प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में युवाओं, खिलाड़ियों एवं छात्रों के व्यापक हित में अनेक प्रभावी निर्णय लिए गए हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों को बिना ब्याज का ऋण उपलब्ध कर उनकी आर्थिकी मजबूत करने के साथ उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए योजनाएं बनाई गई हैं। समूहों के उत्पादों के विपणन की कारगर व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में राज्य के किसी भी क्षेत्र में बनभूलपुरा, हल्द्वानी जैसी घटना न हो, आपसी भाईचारा व अमन चैन बना रहे तथा दंगा, तोड़फोड़ के साथ सरकारी व निजी सम्पत्ति का नुकसान न हो इसके लिए लोक तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली विधेयक को मंजूरी दी गई है। अब संपत्तियों के नुकसान की भरपाई दंगाइयों से ही की जाएगी। उन्होंने कहा कि देवभूमि का प्रत्येक व्यक्ति बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रति हो रही हिंसक घटनाओं के प्रति चिंतित है। उनके प्रति हो रहे इस अन्याय को रोका जाना चाहिए। हिंसक घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम हम सबकी मांग है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अतिवृष्टि के कारण उत्पन्न आपदा की घटनाओं के प्रति हम संवेदनशील हैं। वे स्वयं राज्य के विभिन्न आपदाग्रस्त क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं तथा प्रभावितों का दु:ख दर्द बांटने में लगे हैं। पीड़ितों की हर संभव मदद करने का प्रयास निरंतर जारी है। इसके लिए धन की कमी नही होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भराड़ीसैंण का ग्रीष्मकालीन राजधानी के अनुरूप विकास हमारा लक्ष्य है। इसके लिए शीघ्र उच्च स्तरीय बैठक का भी आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने भराड़ीसैंण में वर्षभर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के आयोजन के भी प्रयास किए जाएंगे।

## आपदा को लेकर विधायक हरीश धामी ने सीएम से की भेंट

गैरसैण। विधानसभा के मानसून सत्र में प्राकृतिक आपदा के मुद्दे पर चर्चा के दौरान विपक्ष के विधायक श्री हरीश धामी ने विपक्ष के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त की। विधायक श्री हरीश धामी ने गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में सत्रावसान के बाद विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर उनके समक्ष अपनी पीड़ा रखी। उन्होंने कहा कि आपदा की दृष्टि से सबसे संवेदनशील राज्य के पर्वतीय क्षेत्र हैं। आपदा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर उन्हीं की पार्टी के सदस्यों ने उन्हें बोलने का अवसर नहीं दिया। उन्होंने कहा कि इस समय उत्तराखण्ड के कई इलाके आपदाग्रस्त हैं। ऐसे में इस गंभीर विषय पर चर्चा बहुत आवश्यक थी। मुख्यमंत्री ने विधायक श्री हरीश धामी की बातों को ध्यान से सुना और उन्हें आश्वसत किया कि उनके क्षेत्र सहित अन्य स्थानों में आपदा से संबंधित जो भी प्रकरण हैं, उनको प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु और सचिव आपदा प्रबंधन श्री विनोद कुमार सुमन को निर्देश दिए कि अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में सभी व्यवस्थाएं सामान्य करने के लिए जिलाधिकारियों से निरंतर समन्वय बनाए रखें। विधायक धारचूला द्वारा अपनी विधानसभा क्षेत्र की समस्या बताने के बाद मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु को निर्देश दिए कि सचिव आपदा प्रबंधन और जिलाधिकारी पिथौरागढ़ के साथ बैठक कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया जाए। आपदा कि दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में लोगों के विस्थापन की आवश्यकता है तो विस्थापन किया जाय।

# पूर्व विधायक शुक्ला ने जिलाधिकारी से की मुलाकात

## नगला और सिरौली कलां क्षेत्रों पर दर्ज कराई आपत्ति, दिए सुझाव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने डीएम से मुलाकात कर नगला नगर पालिका और सिरौली कला क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई और महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने नगला नगर पालिका क्षेत्र से हाल ही में अलग किए गए पंतनगर विश्वविद्यालय परिसर, हल्दी, संजय कॉलोनी, मस्जिद कॉलोनी को पुन: नगला नगर पालिका में शामिल रखने की मांग की है साथ ही किच्छा नगर पालिका से अलग किए गए सिरौली कला को पुन: नगर पंचायत बनाने की मांग की। शुक्ला ने अपने आपत्ति पत्र में उल्लेख किया कि उत्तराखंड सरकार द्वारा उनके अनुरोध पर नगला, पंतनगर, और हल्दी क्षेत्रों को



मिलाकर नगला नगर पालिका का गठन किया गया था। हाल ही में सरकार ने इन क्षेत्रों को नगला नगर पालिका से अलग करने का निर्णय लिया, जिस पर उन्होंने आपत्ति जताई है। शुक्ला ने बताया कि पंतनगर क्षेत्र, जो पहले त्रिस्तरीय पंचायत के विकास से अछूता था, अब नगर पालिका के तहत आने के बाद सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहा था। जो पुन: अलग करने से आवश्यक सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। इसके अलावा, शुक्ला ने किच्छा नगर पालिका से अलग किए गए सिरौली कला क्षेत्र को पुन: नगर पंचायत का दर्जा देने की भी मांग की है। उन्होंने बताया कि पूर्व में जब सिरौली कला को नगर पंचायत का दर्जा मिला था, तो स्थानीय जनता खुश थी। हालांकि, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर पंचायत गठन में हुई मानवीय त्रुटियों के कारण इसे रोक दिया गया था। वर्तमान में, प्रदेश सरकार ने सिरौली कला को किच्छा नगर पालिका से अलग कर दिया है, जिससे यह फिर से ग्रामसभा में बदल जाएगा और इसका विकास संभव नहीं होगा। शुक्ला ने डीएम से आग्रह किया है कि वे इस मामले को सरकार के समक्ष उठाएं और सिरौली कला को पुन: नगर पंचायत के रूप में गठित करने के लिए अनुशंसा भेजें।

# घर में घुसकर हमला करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने पुरानी मंडी में मैजिक वाहन में बैठकर नशा कर रहे तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। दीपा पत्नी शशि कुमार निवासी पुरानी गल्ला मण्डी ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसके पति किच्छा से हल्द्वानी रूट पर टाटा मैजिक चलाते है जो कि घर के निकट खाली मैदान में खड़ी कर देते हैं। 20 अगस्त की रात्रि करीब 8 बजे का उसका पुत्र कृष्णा जो कि घर आ रहा था को पडोसी नितिन, देबू व राज पुत्रगण सोहन लाल जो कि हमारी उक्त गाडी में बैठकर नशा कर रहे थे। पुत्र ने उनका विरोध किया तो उक्त तीनों ने मिलकर पुत्र को गदी गंदी गालियां देते हुये लात-घूसों से बुरी तरह से पीट दिया। बमुश्किल उसने वहां से भागकर अपनी जान बचाई और घर आ गया किन्तु उक्त लोगों ने गाडी को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया और उसके पश्चात घर आ धमके और घर में घुसकर पुन: पुत्र व मुझे लाठी-डन्डों और लोहे कीरॉड तथा ईट से बुरी तरह से मारने पीटने लगें। जान से मारने की नियत से सिर पर ईंट सेजानलेवा हमला कर दिया, जिससे सिर फट गया। शोर-शराबा सुनकर मौके पर आस-पड़ोस के लोगों को आता देख उक्त लोग निकट भविष्य में जान से मारने की धमकिया देते हुये फरार हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# मन को शांत रखना भी बड़ा पुण्यः शास्त्री

गदरपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के कल 33वें दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि सच्चा वैष्णव वही है जो कि किसी भी



परिस्थिति में परमात्मा की कृपा का ही अनुभव करता है, एवं मन को शांत और संतुष्ट रखता है, मन को शांत रखना भी बड़ा पुण्य है, एवं पंडित जी द्वारा रुक्मणी श्रीकृष्ण विवाह का वर्णन बड़े ही सुंदर शब्दों में किया गया जिस पर भाव विभोर होकर श्रोताओं ने कथा श्रवण की।प्रसाद की सेवा राम नारायण गुप्ता के परिवार द्वारा दी गयी।

# जेसीज में इंटरस्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जेसीज पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में इंटरस्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता आरम्भ हो गयी है। इस प्रतियोगिता का समापन 29 अगस्त को होगा। प्रतियोगिता में ऊधमसिंहनगर एवं नैनीताल जिले के 21 विद्यालयों के लगभग 254 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता का शुभारम्भ विद्यालय के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर द्वारा विधिवत रूप से किया गया। सुरजीत सिंह ग्रोवर उत्तराखण्ड फैंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं। प्रतियोगिता के शुभारम्भ में विद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य की उपस्थिति ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। पहले दिन प्रतियोगिता में अण्डर 19 सिंगल एवं डबल श्रेणी के खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता की। अण्डर 19 श्रेणी में 38 खिलाड़ियों ने अपने खेल की प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जमकर प्रतिस्पर्धा की। आज का फाइनल मैच अण्डर 19 श्रेणी में बेहद रोमांचक रहा है, जिसमें जेसीज के लक्ष्य बिष्ट एवं अनिरुद्ध बिष्ट का मुकाबला उनके विद्यालय के खिलाड़ी हर्षवर्धन एवं प्रतीक से हुआ। इस रोमांचक मुकाबले में हर्षवर्धन तथा प्रतीक विजेता बनकर उभरे और अण्डर 19 डबल श्रेणी का खिताब अपने नाम कर लिया। विद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर निदेशक एवं प्रधानाचार्य ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन खिलाडियों की खेल प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करने हेतु सदैव प्रेरित करता है।





# जेजेएम योजना के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करें: सीडीओ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन (जेजेएम) की बैठक लेते हुए जेजेएम योजना कार्यो में प्रगति लाते हुए शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। जेजेएम योजना के अंतर्गत कुल 333 पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 171 पूर्ण हो चुकी हैं जबकि 44 योजना में 90 प्रतिशत कार्य हो चुका है शेष 118 योजनाओ में 60 से 80 प्रतिशत कार्य प्रगति पर है जिन्हे माह अक्टूबर तक पूर्ण कर लिया जायेगा। इलैक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल डिवीजन द्वारा 255 योजनाओं के पम्प हाउस निर्माण में से 241 पूर्ण हो चुके है जबकि 13 पम्प हाउस में कार्य प्रगति पर है तथा 02 में बोरिंग कर पानी की टेस्टिंग की जा रही है तथा 236 पम्प हाउसों में विद्युत ऊर्जाकृत कर दिया है। उन्होंने कहा जो पम्प हाउस पूर्ण हो चुके है उनके पम्पिंग प्लांट कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराते हुए योजना में पानी टेस्टिंग कर पेयजल व्यवस्था सुचारू करें। उन्होंने जेजेएम योजना के अन्तर्गत पेयजल विहीन विद्यालय व आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल संयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये जिस पर ब्लाक कार्यालय में बीडीओ, ग्राम विकास अधिकारी, सम्बन्धित प्रधानाचार्य व सीडीपीओ उपस्थित रह कर कॉम्पिलेशन प्रमाण पत्र देना सुनिश्चित करेगें। उन्होंने कहा सभी योजनाओं की वाटर टेस्टिंग सड़क खोदने के निर्देश दिये साथ ही लाईन बिछाने के तुरंत बाद ही सड़क को ठीक करने के निर्देश भी दिये ताकि यातायात बाधित न हो व जनता को अनावश्यक समस्याओं का सामना न करना पड़े। बैठक



नोडल अधिकारी जेजेएम ने बताया कि उपलब्ध सूची के अनुसार सभी विद्यालयों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल संयोजन कर दिया गया है,प्रधानाचार्यो व सीडीपीओ से कम्पिलेशन प्रमाण पत्र लेना है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने 27 अगस्त को अवश्य करायेंगे तथा सभी पूर्ण योजनाओं का थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन व जियो टैगिंग कराना भी सुनिश्चित करेंगे। उन्होने नल जल मित्रों की ट्रेनिंग भी वैचवार कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ओवरहेड टैंक पूर्ण होने के बाद ही पेयजल लाईन बिछाने हेतु में अधीक्षण अभियंता जल निगम वीके जैन, जल संस्थान प्रणम पुरोहित, अधिशासी अभियंता जल निगम सुनील जोशी, पीएन चौधरी, शिवम द्विवेदी, जल संस्थान, मनोज कुमार गंगवार, अजय कुमार, तरूण शर्मा, ईएंडएम सुधीर आदि मौजूद थे।

# मदरसे की बच्चियों के बयान दर्ज मौलवी से पूछताछ करेगी पुलिस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर में अवैध मदरसे में मौलवी ने एक नहीं बल्कि पांच बच्चियों को पोर्न वीडियो दिखाकर उनका शारीरिक शोषण किया है। पांचों बच्चियों ने बयान में मौलवी की घिनौनी करतूत को उजागर किया है। माना जा रहा है कि मौलवी ने अन्य बच्चियों के साथ भी कुकृत्य किया होगा। पुलिस अन्य बच्चियों से भी जानकारी जुटाएगी। 17 अगस्त को एक गांव की रहने वाली महिला ने ग्राम मलसी स्थित मस्जिद के मौलवी शब्बीर रजा निवासी ग्राम डांग, थाना जहानाबाद (पीलीभीत) के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज कराया था। उसका कहना था कि शब्बीर रजा मस्जिद में ही एक कमरे के अंदर बनाए अस्थायी मदरसे में बच्चों को दीनी तालीम देता था। उनकी आठ साल की बेटी भी मदरसे में पढ़ती थी। कुछ दिनों से बेटी मदरसे से घर आने के बाद गुमसुम रहने लगी तो 16 अगस्त को पूछने पर उसने बताया कि मौलवी बड़े बच्चों के जाने के बाद उसे और चार अन्य बच्चियों को कमरे में ले जाकर मोबाइल में गंदी वीडियो दिखाने के साथ ही गलत हरकतें करता है। इस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। अब पुलिस मौलवी के खिलाफ और सबूत जुटाने के साथ ही उसे पीसीआर पर लेने की तैयारी कर रही है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी के अनुसार मामले में वादी की बच्ची के पहले ही मजिस्ट्रेट के सामने बयान हो चुके थे। वादी की ओर से दी तहरीर में शामिल चार अन्य बच्चियों के भी बयान दर्ज किए गए हैं। पांचों बच्चियों ने मौलवी पर पोर्न फिल्म दिखाकर दुष्कर्म करने की बात कही है। मौलवी ने अन्य बच्चियों के साथ भी ऐसी घटिया हरकत करने की आशंका है। इसके चलते बेहद गंभीर मामले में जांच के दायरे को बढ़ाया जा रहा है। मौलवी के खिलाफ मजबूत साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और जल्द ही पीसीआर पर भी लिया जाएगा।

# सितारगंज के तीन जानलेवा तिराहे 100 मीटर तक होंगे चौड़े

## बमनपुरी तिराहा, वीरेंद्रनगर मोड़, बिज्टी मझोला तिराहा मार्ग के लिए लोनिवि को मिली वित्तीय मंजूरी

**-हनीफ बाबा-**

सितारगंज। लोक निर्माण विभाग को स्टेट हाईवे के दुर्घटना संभावित तिराहे, सड़क मार्गो को 100 मीटर तक चौड़ा करने के लिए 5.75 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। जिसके बाद पीडब्ल्यूडी खुद के मार्गो, चौक आदि को पहले से अधिक चौड़ा कर हादसों पर अंकुश लगाने के प्रयास में जुटा है। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सड़क हादसों को रोकने के लिए विभागीय अफसरों को ठोस प्रबंध नीति के तहत योजना पर काम करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद कुछ ही दिनों में अनुबंध होते ही कार्य शुरु हो सकता है। गुरुवार को अलग-अलग तीन सड़क हादसों में दो महिलाओं समेत तीन की मृत्यु हो चुकी है। नेशनल अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मार्गो पर सड़क हादसों का लोग शिकार हुए है। एनएच मार्गो का निर्माण सड़क सुरक्षा समिति के तहत नही किया गया है। जबकि लोक निर्माण विभाग ने खुद की सड़कों पर क्षेत्र में 12 संभावित दुर्घटना स्थलों को चिन्हित किया है। दुर्घटना संभावित स्थल की सड़कों को चौड़ीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग ने उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर सड़क सुरक्षा समिति के अनुपालन में पांच करोड़ से अधिक की योजना बनाई। इस योजना को वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। इसके बाद लोग निर्माण विभाग अमरिया चौक से वीरेंद्रनगर मोड़, राज्य की सीमा से सटा सितारगंज बिज्टी मझोला तिराहा, बमनपुरी तिराहे की सड़कों को 100 के दायरे में चौड़ा करेगा। शहर के बिज्टी चौराहे पर लोनिवि ने कार्य पूरा कर लिया। लोनिवि के कनिष्ठ सहायक अभियंता सतपाल सिंह ने बताया कि शहर और राज्य सीमा से सटे दुर्घटना संभावित संकरे मार्गो को 100 मीटर तक चौड़ा करने के लिए वित्तीय मंजूरी मिल गई है। जल्द अनुबंध के बाद कार्य शुरू हो जाएगा।

### एनएच मार्गों में हादसों का खतरा बरकरार

सितारगंज। नेशनल हाईवे में सफर करने के दौरान हादसों का खतरा बरकरार बना हुआ है। ग्राम दरहा के पास एनएच को मानकों के विपरीत कट निर्माण कर खोला गया है। ग्राम खटीमा राजमार्ग में बघौरी के पास यातायात सुरक्षा मानक ड्राइंग के विपरीत कट खुला पड़ा है। इसी मार्ग में आगे बढ़कर ग्राम बघोरा, तुर्कातिसौर तिराहे पर पर्याप्त सड़क सुरक्षा साइन बोर्ड, रोशनी आदि सुरक्षा संबंधित इंतजामों की अनदेखी की गई है जिस वजह से आए दिन सड़कों में लोग हादसों का शिकार होकर जान गवा रहे हैं। इसके साथ ही दुर्घटनाओं में चोटिल होकर आमजन की हड्डियां भी टूट रही है।

# मीडिया क्लब की ओर से कृष्णा बनो प्रतियोगिता कल

गदरपुर(उद संवाददाता)। मीडिया क्लब द्वारा 25 अगस्त को श्री कृष्णा बनो प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारिया बड़ी धूमधाम से की जा रही है। जिसमें फर्स्ट,सेकंड, और थर्ड आने वाले कृष्णा विजेता को नगद पुरस्कार दिया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि विजय सुखीजा, मुख्य अतिथि विनोद भुसरी व अध्यक्षा तहसीलदार महोदया लीना चंद्रा मौजूद रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मीडिया क्लब के अध्यक्ष मुकेश पाल के नेतृत्व में 25 अगस्त को कृष्णा बनो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 5 से 7 साल तक के बच्चे प्रतिभाग कर सकते हैं जिसमें फर्स्ट प्राइज 5100 रू सेकंड प्राइस 2100 रु और थर्ड प्राइस 1100 रु पुरस्कार के रूप में विजेता बच्चों को दिया जाएगा मुकेश पाल ने जानकारी देते हुए बताया है कि रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है रजिस्ट्रेशन के लिए मीनू पाल क्वीन ब्यूटी पार्लर मोबाइल नंबर 9837958137 वह निशांत सिंगल अर्पण फाउंडेशन मोबाइल नंबर 9058002626 व विपुल प्रजापति 84 455 58618 और किशन गुप्ता 8273111503 को बच्चों का आधार कार्ड लेकर संपर्क करें और निशुल्क रजिस्ट्रेशन कराए उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता 25 अगस्त शाम 4:00 बजे से 7 बजे तक रविवार को श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में आयोजित होगी उन्होंने सभी नगर वासियों से अपील की है कि अपने बच्चों को कृष्ण बना प्रतियोगिता में लेकर जरूर आए।

# डॉक्टर माह में दो दिन आया हाजिरी पूरे माह की भरी मिली

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओखलढूंगा में कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया ,विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर दिए निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने शुक्रवार को हल्द्वानी हैडाखान मार्ग, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओखलढूंगा, सिनाड जलाशय, राजकीय प्राथमिक विद्यालय रौसिल के साथ ही जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने जेजेएम के तहत हो रहे कार्यों और अन्य विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए।जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना नहीं करने पड़े। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओखलढूंगा में कुमाऊं कमिश्नर ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने हाजिरी और ओपीड़ी रजिस्टर चेक किया। ओपीडी रजिस्टर में पाया गया कि डॉक्टर जुलाई महीने में दो दिन आकर पूरे महीने अनुपस्थित रहे, जबकि डॉक्टर की पूरे माह की उपस्थिति हाजिरी रजिस्टर में लगी हुई थी। जानकारी लेने पर फार्मासिस्ट जगमोहन उप्रेती ने बताया कि चिकित्सक की हाजिरी वार्ड बॉय द्वारा लगाई जा रही थी, जिसका तत्काल संज्ञान लेते हुए कुमाऊं कमिश्नर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एमओआईसी भीमताल सहित अन्य अधिकारियों को शनिवार सुबह 10 बजे कैंप कार्यालय हल्द्वानी में तलब किया है। अस्पताल में तैनात पर्यावरण मित्र की उपस्थिति भी कम दिखी। जिस पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में लापरवाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाही करने की बात कही।ग्रामीणों ने बताया कि न्याय पंचायत ओखलढुंगा में 3 माह से लोगों के बिजली के बिल नहीं मिले है। साथ ही लाइनमैन को भी 8 महीने से मानदेय नहीं मिला है। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। आयुक्त रावत ने मुख्य अभियंता विद्युत को क्षेत्र के पिछले 3 महीने के बिजली बिलों का ब्यौरा और अन्य जानकारी 15 दिन के भीतर देने के निर्देश दिए। कुमाऊं आयुक्त ने दीपक रावत ने हल्द्वानी से हैड़ाखान धाम तक मोटर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क मार्ग से जुड़े ग्रामीण इलाकों में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल निर्माण कार्यों का जायजा भी लिया। ग्रामीणों ने बताया कि पसोला में जेजेएम योजना के तहत क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाई गयी है,साथ ही घरों में नल भी लग गए है, लेकिन अभी पानी नहीं आ रहा है।अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि पंप हाउस में फिनिशिंग का कार्य और कुछ अन्य कार्य बचे है, जिन्हे एक माह के भीतर पूरा करके पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी। कुमाऊं आयुक्त ने ईई जल निगम को पसोला क्षेत्र में हर हाल में 27 सितंबर तक पानी की आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए।आयुक्त ने लोनिवि नैनीताल को विजयपुर पहाड़पानी पैदल मार्ग को मोटरेबल मार्ग में अपग्रेड करने का प्रस्ताव तैयार कर भेजने को कहा। उन्होंने कहा कि मानसून अवधि में जब हैडाखान मार्ग से ग्रामीणों का संपर्क टूट जाता है तो ऐसे समय में विजयपुर पहाड़पानी मार्ग लाइफलाइन का कार्य करेगा। आपदा के समय दोहरे मार्ग की जरूरत है, इसी को देखते हुए इसके मोटरेबल अपग्रेडशन का प्रस्ताव भेजा जायेगा। निरीक्षण के दौरान ईई लोनिवि रत्लेश सक्सेना, सिंचाई विभाग से दिनेश सिंह रावत, जल निगम विपिन चौहान सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।





# गणेश इको स्फीयर लिमिटेड में सिक्स सिग्मा के छात्र छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष के 47 छात्र–छात्राओं ने गणेश इको स्फीयर लिमिटेड, रुद्रपुर में औद्योगिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन रजत धवन (ट्रैनिग एंड प्लेसमेंट हेड) द्वारा किया गया । छात्रों का औद्योगिक भ्रमण कंपनी के एच.आर. हेड पुरुषोतम कुमार द्वारा कराया गया। इस भ्रमण से सभी छात्र बहुत उत्साहित हुए ।छात्र–छात्राओं के भ्रमण का सम्पूर्ण कार्यक्रम संस्थान की अध्यापिका शिल्पा विश्वकर्मा के निर्देशन में हुआ । इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डावर, को–चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर, शौर्य अरोरा, प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, उप–प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, शिल्पा विश्वकर्मा एवं विक्की कुमार एवं संस्थान के सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं ने बधाई दी।



# सभी कार्यकर्ता लोगों को भाजपा से जुड़ने को करें प्रेरित: खिलेंद्र

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी जिला नैनीताल की संगठन पर्व सदस्यता के निमित आयोजित जिला कार्यशाला सम्पन्न हुई । जिसमें सभी प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश मोर्चा अध्यक्ष व महामंत्री, प्रदेश प्रकोष्ठ व विभागो के संयोजक, सह सयोजक सभी जिला पदाधिकारी एवम जिले के मोर्चो के अध्यक्ष महामंत्री, जिला व मंडल सदस्यता अभियान समिति के सयोजक, सह सयोजक एवम सदस्य मंडल अध्यक्ष एवम महामंत्री जिले में निवास करने वाले सांसद, पूर्व विधायक प्रत्याक्षी जिले में निवास करने वाले दायित्वधारी जिला पंचायत सदस्य, सहकारी समितियों के अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, ज्येष्ठ प्रमुख, कनिष्क प्रमुख, नगर निगम एवम नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष, प्रदेश स्तरीय सहकारी समितियों के निदेशक एवम राज्य स्तरीय बोर्डो के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रताप बिष्ट ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री खिलेन्द्र चौधरी, संगठन की रूपरेखा विवेक सक्सेना, कार्यक्रम के प्रदेश सदस्यता प्रमुख सह प्रदीप बिष्ट, जिला सदस्यता प्रमुख खीमानंद शर्मा, जिला सह सदस्यता प्रमुख विजय मनराल, जिला सदस्य प्रतिभा जोशी, जिला पंचायत अध्यक्ष बैला तोलिया, निवर्तमान मैयर जोगेन्दरपाल रौतेला, दर्जा धारी मंत्री दिनेश आर्या रंजन बर्गली व नवीन भट्ट, प्रकाश आर्य द्वारा कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर आरम्भ हुआ ।मुख्य अतिथि व वक्ता प्रदेश महामंत्री खिलेन्द्र चौधरी ने कहा संगठन सर्वोपरी है संगठन की सदस्यता अभियान पर्व आरम्भ हो रहा है सभी लोग लोगों को भारतीय जनता पार्टी है जोड़ने को प्रेरित करें व हर कार्यकर्ता सदस्यता अभियान के लिए। शक्ति केन्द्र व बूथ लेवल तक सदस्यता अभियान की टीम गठित हो और अधिक से अधिक पार्टी को मजबूत करने की दिशा में कार्यकर्ता जुट जाएं। प्रत्येक कार्यकर्ता इस कार्य में जुट जाएं। कार्यक्रम मोदी जी द्वारा 1 सितबंर से 8800002024 मिस कॉल करके अपनी पहली सदस्यता अभियान का शुभारंभ करेंगे जो लगातार 30 सितंबर तक चलेगा उसके उपरांत 16 अक्टूबर से सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान शुरू होगा।जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कार्यकर्ताओं को संकल्प लेकर सभी मंडलो में कार्यशाला 28 अगस्त तक सम्पन्न हो जानी चाहिए। जिससे अभियान को जल्दी गति मिलेगी और सदस्यता अभियान समय पूर्वक सफल होगा।नैनीताल सह प्रभारी विवेक सक्सेना ने सदस्यता अभियान के मंडलों की कार्यसमिति के लक्ष्य को सम्पूर्ण करने तथा हर कार्यकर्ता से सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए मंडल अध्यक्ष को टोली टीम बनाकर कार्यक्रम सफल बनाने का आह्वान किया। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट ने पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए पार्टी की सदस्यता अभियान को घर घर पहुंचाने का आह्वान किया। खीमानंद शर्मा ने कहा अभियान को नमो एप क्यूआर कोड व मिस कॉल द्वारा सभी पदाधिकारि सदस्य बना सकते हैं। मंच संचालन सह संयोजक विजय मनराल ने किया। कार्यक्रम में गजराज सिंह बिष्ट, प्रकाश हरबोला, मुकेश बौरा, आनन्द दरमवाल, प्रमोद तोलिया, कमलेश केडा, संजय वर्मा, चंदन बिष्ट, सचिन साह, नवीन भट्ट, रंजन बर्गली, भुवन भट्ट, लाखन निकलटिया, रमेश सुयाल, रूचि गिरी, नितिन राणा, विनीत अग्रवाल, प्रमोद बौरा, बहादुर नदगली, योगेश रजवार, अमित चौधरी, संजय पांडे, रत्नेश साह, विनोद तिवारी, मोहन पाठक, महेश खुल्वे, मनीष अग्रवाल, संजय शर्मा, माया रावत, अल्का जीना, चम्पा नेगी आदि मौजूद रहे।





# हर वर्ग के लोगों को भाजपा से जोड़ें कार्यकर्ता: बिष्ट

## भाजपा एक सितंबर से जिलेभर में चलायेगी सदस्यता अभियान





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा जिला कार्यालय पर संगठन महापर्व सदस्यता अभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रजलित व वन्देमातरम गीत के साथ हुआ। बैठक में स्वागत भाषण भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने किया। उन्होंने बताया शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर संगठन महापर्व कार्यक्रम के निमित्त भारतीय जनता पार्टी अपना सदस्यता अभियान चालने जा रही है जिसमे बूथ स्तर पर घर घर जाकर सदस्य बनाने का व्यापक अभियान पूरे जिले मे चलाया जायेगा ओर निश्चित रूप से हम प्रदेश नेतृत्व को अश्वस्त करते है जो भी लक्ष्य सदस्य बनाने के लिये दिया जायेगा उससे कही ज्यादा सदस्य जिला उधम सिंह नगर से सभी कार्यकर्ता इस अभियान मे अपनी आहुति देकर इस अभियान को सफल बनायेगे। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप मे प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट कार्यकताओं को प्रशिक्षण देने के लिया मौजूद रहे। उन्होंने बैठक में कहा की भारतीय जनता पार्टी समय समय पर सदस्यता अभियान चलाती है ओर एक बार फिर संगठन महापर्व के माध्यम से सदस्यता अभियान 2024 जो 1 सितम्बर से शुरू होने जा रहा है जो नवंबर माह तक चलेगा जिसमे प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने है। साथ हीं देशभर मे दस करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इसमें 8800002024 के माध्यम से मिस काल कर सदस्य बनाना, क्यूआर कोड के माध्यम से सदस्य बनाना, नमो ऐप के माध्यम से सदस्य बनाना जैसी सुविधा सदस्यता अभियान हेतु रखी गई। बिष्ट ने बताया निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी एक लोकतान्त्रिक पार्टी है जो विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप मे पूरे विश्व मे जानी जाती है, उन्होंने कहा कि सदस्य बनाते समय हमको हर सदस्य की विस्तृत जानकारी ऐप मे भरनी होंगी जिसके आधार पर सदस्य को सदस्यता प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। बिष्ट ने कहा इस बार प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी द्वारा दिया गया है साथ हीं सभी बनाये गये सदस्य की जानकारी बीजेपी की वेबसाइड पर भरनी होंगी, वही प्राथमिक सदस्य 18 वर्ष का हो वही सदस्य बन सकेगा। प्रदेश महामंत्री बिष्ट ने जानकारी दी अगले तीन दिन मे मंडल स्तर पर भी पूरे जिले मे मंडल कार्यशाला का आयोजन होगा तो वही प्रत्येक मंडल स्तर पर अभियान का सयोजक, सह सयोंजक सहित दो सदस्य कुल चार लोगो की कमेटी इसको मॉनिटरिंग करेगी, उन्होंने कहा भाजपा का कार्यकर्त्ता सदैव समर्पित भाव से हर कार्य को करता है हमको पूर्ण विश्वास है यह सदस्यता अभियान मे दिये गये लक्ष्य को हासिल करेंगे ऐसा पूर्ण विश्वास है तो वही पीपीटी व शार्ट वीडियो के माध्यम से कार्यकताओं को सदस्य बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया जिससे सभी कार्यकर्त्ता सदस्य बनाने मे कोई कठिनाई न हो। बिष्ट ने बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे जो विकास यात्रा भारत ने तय की है उससे हम कह सकते है हर वर्ग का व्यक्ति इस सदस्यता अभियान से जुड़ेगा ओर हम 1 सितंबर से घर घर बूथ बूथ हर वर्ग के बीच जाकर उनको भारतीय जनता पार्टी सदस्य बनाना है। प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक व जिला प्रभारी पुष्कर सिंह काला ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि यह सदस्यता अभियान अपने आप में किसी पर्व से कम नहीं है इसको हमने पूर्ण उत्साह के साथ लोगों के बीच जाना है उनको भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनने हेतु प्रेरित करना है और हमें पूर्ण विश्वास है उधम सिंह नगर जिले के कार्यकर्ता को प्रदेश नेतृत्व द्वारा जो भी लक्ष्य दिया जाता है में उसको अवश्य हासिल करते हैं और सदस्यता अभियान में भी उधम सिंह नगर जिला अव्वल रहेगा ऐसा शीर्ष नेतृत्व को आश्वास्त करते है। इस दौरान बैठक मे भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, जिला प्रभारी पुष्कर सिंह काला, अभियान के जिला सयोंजक गोपाल बोरा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, जिला महामंत्री अमित नारंग, सतीश गोयल, भारत भूषण, अनिल चौहान, पूर्व मेयर रामपाल, विपिन जल्होत्रा, तरुण दत्ता, राजेश तिवारी, राकेश सिंह, इंद्रपाल मान, शालनी बोरा, अंजू देवी, रश्मि रस्तोगी, शैली फूटेला, पूनम सिंह, विमला मुंडेला, गजेंद्र प्रजापति, धर्म सिंह कोली, धीरेश गुप्ता, मनमोहन सक्सेना, सुनील ठुकराल, राधेश शर्मा, राजेश जग्गा, सोनू अनेजा, जीवन धामी,अक्षय अरोरा, अनिल यादव, मयंक कक्कड़, सुनील यादव, जगदीश विश्वास, आयुष चिलाना, आदेश चौहान, बिट्टू चौहान, गोपाल पटेल, जगदीश जोशी, दिग्विजय खाती, भुवन जोशी, जुल्फेकार अली, परवेज खान, विकास सागर,किरन विर्क ,विकास बठला, रोशन अरोरा, किशोर जोशी आदेश भरद्वाज, मनोज मदान व अन्य लोग मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने काले फीते बांध कर किया विरोध



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अखिल एकता उद्योग व्यापार के महानगर अध्यक्ष डिम्पल पाण्डे मुखानी मण्डल अध्यक्ष दिगंबर भोजक के नेतृत्व में संगठन के तमाम पदाधिकारियों ने गत दिवस काली पट्टी बाँध कर प्रदर्शन किया और नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। श्री पाण्डे व श्री भोजक ने कहा कि कठगोदाम से मंगलपड़ाव तक सड़क चौड़ीकरण की जद में आने से 100 से अधिक दुकानों पर ध्वस्तीकरण की तलवार लटकी हुई है। इस दायरे में जो दुकानें अतिक्रमण की जद में आई मानी जा रही हैं वो यहां पर दशकों से हैं। यहां के व्यापारी पीढ़ी दर पीढ़ी इन दुकानों से अपने परिवार की रोजी रोटी अर्जित कर रहे हैं। यहां के प्रभावित दुकानदारों ने अपनी दुकानों को बचाने के लिए हर उचित प्लेटफार्म पर दस्तक दी। लेकिन कोई राहत नहीं मिली। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी और नगर निगम ने इन दुकानों को खाली करने के लिए 23 अगस्त तक की मोहलत दी। जिसे बहरहाल निरस्त तो कर दिया गया है लेकिन व्यापारियों को मोहलत सिर्फ आठ दिन की दी गयी है। व्यापारी हितों को मद्देनजर रखते हुए प्रभावित व्यापारियों को कारोबार करने के लिए उचित जगह मुहैया कराई जाए। ताकि व्यापारियों को मानसिक व आर्थिक क्षति से कुछ राहत प्रदान की जा सके और वह अपनी और अपने परिवार की आजीविका चला सके। प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने वालों में अनुज कांत अग्रवाल, अतुल प्रताप सिंह, अमित चौहान, प्रताप जोशी,काजल खत्री, कल्पना रावत, बालम जोशी, संजय बिष्ट, इकबाल हुसैन, इरशाद सिद्दीकी व मो. आसिफ आदि मौजूद रहे।

## उत्पीड़न के खिलाफ फड़ ठेली वालों ने किया प्रदर्शन



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम और पुलिस प्रशासन पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए अनेक ठेला फड़ वालों ने सामाजिक कार्यकर्ता हेमन्त साहू की अगुवाई में नगर निगम कार्यालय में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। हेमन्त साहू ने कहा पुलिस प्रशासन ठेले फड़ वालों के साथ अपराधी की तरह व्यवहार कर रहा है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। 20 घंटे तक कोतवाली में बैठाना, उनके ठेले, कच्चे सामान को जब्त करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। गरीबों का शोषण उत्पीड़न किसी भी कीमत में सहन नहीं किया जाएगा। इसके खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। ठेला फड़ वेंडर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रमोद अग्निहोत्री ने कहा पथ विक्रेता अधिनियम का घोर अपमान है। प्रधानमंत्री ठेले वालों को ब्याज मुक्त लोन दे रहे हैं। दूसरी तरफ प्रशासन उनके साथ बदसलूकी कर रहा है। गरीब ठेले वालों के सामने रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो गया है उनके उत्थान के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाने चाहिए। इस मौके पर प्रीति आर्य, रोहित कुमार सूरज श्रीवास्तव, मुकेश पांडे, सोनू पाठक, हरीश पाठक, लेखराज कश्यप, राहुल श्रीवास्तव, सूरज कश्यप, रविन्द्र कुमार, विशाल सक्सेना, दौलत सिंह सैनी, लालाराम, दिलीप कुमार, गोविंद जोशी, दुर्गा प्रसाद, देवेंद्र सिंह, नीरज सागर, स्वप्निल पंत, मुकेश पांडे, शिवम कुमार आदि मौजूद थे। नगर आयुक्त ने ठोस कार्यवाही का भरोसा दिया तब लोगों का आक्रोश शांत हुआ।

## पानी के बढ़े बिलों को लेकर भड़के लोग

हल्द्वानी। पेयजल निगम की जीआरसी बैठक में पेयजल निगम के अधिकारी, ए ई यतेंद्र सिंह रावत के सामने अपने क्षेत्र के पानी के बड़े हुए बिलों को लेकर निवर्तमान पार्षदों मनोज मठपाल व रईस अहमद वारसी ने साफ साफ कहा कि जब तक पानी के बिल सही नहीं किये जाते है तब तक क्षेत्र की जनता बड़े हुए पानी के बिलों को



जमा नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह जनता को लेकर पानी की टंकी पर धरना प्रदर्शन शुरू करने को मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेदारी पेयजल निगम की होगी।बैठक में मनोज मठपाल, रईस अहमद वारसी, जीआरसी मेंबर बिशन जोशी,कंचन जोशी,मंजू पांडे,खालिद हुसैन आदि थे।

## बेहड़ का विशेषाधिकार हनन का आरोप बेबुनियाद: शुक्ला



किच्छा(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने प्रेस वार्ता में कहा कि तिलक राज बेहड़ द्वारा मेरे विरुद्ध लगाया गया विशेषाधिकार हनन का मामला झूठा, बेबुनियाद और सदन की परंपरा की अवहेलना करने वाला है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में असफल हो जाने पर असल मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के उद्देश्य से बेहड़ ने सदन में यह मुद्दा उठाया है जिसका कोई औचित्य नहीं है। बेहड़ द्वारा विधानसभा की कार्रवाई में उठाए गए मुद्दे का जवाब देते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि सदन के नियम एवं परंपरा में उस सदस्य का जिक्र सदन में नहीं किया जा सकता जो सदन में जवाब देने के लिए नहीं है, परंतु वरिष्ठ विधायक होने के बावजूद बेहड़ द्वारा मेरा नाम लेकर बोलना उनकी अज्ञानता को दर्शाता है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि विपक्षी दल मुद्दा विहीन है, धामी एवं मोदी की सरकार प्रदेश एवं देश का चहुंमुखी विकास कर रही है ऐसे में विपक्षी दल के विधायकों के पास कोई मुद्दा नहीं है, सदन में हर बार विधायक बेहड़ यह झूठा आरोप लगाते हैं कि मैं अपने को विधायक लिखता हूं जबकि यह झूठ है उल्टे सत्य यह है कि बेहड़ का पुत्र विधायक की नेम प्लेट वाली गाड़ी में विधायक के गनर को लेकर चलता है तथा जनता दरबार लगता है क्या उसने विधायक पद की शपथ ली है। शुक्ला ने कहा कि 2027 जैसे–जैसे निकट आ रहा है बेहड़ को मेरा फोबिया सता रहा है इसलिए वह मुझे किसी न किसी प्रकार टारगेट करके कलंकित करने का प्रयास करते हैं लेकिन हर बार उन्हें मुंह की खानी पड़ती है। विधायक तिलक राज बेहड़ मेरे से व्यक्तिगत द्वेष रखते हैं उनके अस्वस्थ रहने पर उन्हें अस्पताल पहुंचकर कुशलक्षेम जाना जबकि वहां से वापस आने के बाद सोशल मीडिया पर उनके बेटे द्वारा मुझे अपशब्द बोले गए साथ ही उनके कार्यकर्ताओं द्वारा भी मुझे गाली दी गई।विधायक सदन के पटल पर किच्छा में नई योजनाएं लाने या विकास की किसी मुद्दे पर प्रश्न उठाने की बजाय वे लेटर पैड की झूठी कहानी सुना रहे हैं जिस पर सभी लोग उन्हें गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

## स्पर्श मेले में पूर्व सैनिक आश्रितों की समस्याओं का हुआ समाधान



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद के स्टेशन मुख्यालय आरटीसी हेमपुर में पूर्व सैनिकों, वीरनारियों एवं उनके आश्रितों हेतु स्पर्श मेले का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी कर्नल सीबी पुन (से.नि.) ने बताया कि मेले मे केआरसी रानीखेत, बीईजी रूड़की एवं गढ़वाल अभिलेख कार्यालयो के प्रतिनिधियों के अलावा कर्नल, विनोद कुमार, (एस एम) वेटरंस, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सीबी पुन (से.नि.) एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होंने बताया कि स्पर्श मेंले में 459 पूर्व सैनिक, 32 वीरनारियों एवं 11 आश्रितों ने प्रतिभाग किया। पूर्व सैनिकों/ आश्रितों की पेंशन, फेमिली पेंशन, जीवित प्रमाण, ईसीएचएस, पेन्यूरी ग्रांट, अभिलेखों की विभिन्न आर्थिक सहायता तथा अभिलेख कार्यालयों में लम्बित प्रकरणों से संबंधित सभी समस्याओं का संज्ञान लिया गया तथा उन समस्याओं का शीध्र निस्तारण करने हेतु आश्वासन दिया गया। स्पर्श मेले में उपस्थित स्पर्श टीम द्वारा पूर्व सैनिकों, वीरनारियों एवं उनके आश्रितों को स्पर्श पोर्टल में आ रही छोटी–छोटी समस्याओं का त्वरित ऑनलाइन समाधान किया गया।

## श्री गुरूनानक डिग्री कॉलेज में निशान साहिब पर चढ़ाया चोला

रूद्रपुर। प्रीत विहार स्थित श्री गुरूनानक डिग्री कॉलेज के प्रांगण में श्रद्धाभाव के साथ निशान साहिब पर चोला चढाया गया। इस दौरान संस्थान प्रबंधन ने धार्मिक आस्था के साथ संस्थान की तरक्की के लिए अरदास की। कार्यक्रम में गुरू वाणी से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में श्री गुरूनानक शिक्षा समिति के अध्यक्ष स० दिलराज सिंह, प्रबंधक स० गुरमीत सिंह, संस्था के उपाध्यक्ष स० वीरपाल सिंह, प्रबंधक मनजीत सिंह मक्कड़, कोषाध्यक्ष स० किरनदीप सिंह विर्क, सदस्य स० बलजीत सिंह गाबा, स०रंजीत सिंह एवं संस्था के उप प्राचार्य डॉ० अखिलेश सिंह के द्वारा अरदास की गयी । कार्यक्रम में संस्थान के स० प्रा० असमीत कौर सेठी, संदीप त्रिपाठी, गौरव मिश्रा, संजय कुमार, श्रीमती प्रिया गुप्ता, डॉ० रूपाली सक्सेना, डॉ० नाजिया बानो, आनन्द राम, डॉ० नवनीत कौर,डॉ० फरजीन बानो, डॉ० मीनाक्षी, कुमारी शीतल, तरूण कुमार,कुमारी प्रियंका,उमेश सिंह राणा,श्रीमती शुरभि गौड, प्रकाश सिंह अधिकारी,कु० अदिति, श्रीमती एकता,अखिलेश खरे, श्रीमती सर्वजीत कौर, स० परमजीत सिंह, बलविन्दर कुमार,राधेश्याम, दुर्गेश कुमार, कल्पना, परमानन्द एवं छात्र/छात्रायें थे।

# विपक्ष के सवालों का सामना नहीं कर पा रही सरकार : यशपाल आर्य

गैरसैण(उद संवाददाता)।नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सरकार में विपक्ष के सवालों का सामना करने की ताकत नहीं है। इसीलिए बार-बार सत्र की अवधि कम रखी जाती है। संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि आज आपदा जैसे अहम विषय पर सरकार अब तक की वस्तुस्थिति रखने आई। गैरसैंण में मानसून सत्र की का सामना करने की ताकत नहीं है। इसीलिए बार- बार सत्र की अवधि कम रखी जाती है। विस परिसर में मीडिया कर्मियों से बातचीत में आर्य ने कहा कि जब- जब विपक्ष जनता और राज्य हित से जुड़ा विषय सदन में लाता है तो उस पर चर्चा करने में अड़चन पैदा की जाती है। आज आपदा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भी सरकार की संवेदनशीलता साफ जाहिर



अवधि और मुद्दों पर चर्चा के विषय पर सरकार और विपक्ष आमने- सामने रहे। जहां विपक्ष ने सरकार पर सत्र की अवधि कम रखने और मुद्दों पर चर्चा से बचने का आरोप लगाया। वहीं, सरकार का कहना है कि विपक्ष चर्चा करना ही नहीं चाहता। चूंकि, विपक्ष में सच्चाई सुनने की क्षमता नहीं है, इसलिए सदन से वॉक आउट कर दिया जाता है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सरकार में विपक्ष के सवालों हो चुकी है। बीते रोज कानून व्यवस्था पर भी सरकार ने गलत आंकड़े पेश किए। काम रोको प्रस्ताव लाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन आज क्या हुआ किसी से छिपा नहीं। कांग्रेस राज्य और जनहित के विषयों पर सड़क से सदन तक अपना संघर्ष लगातार जारी रखेगी। मीडिया से वार्ता करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कई मुद्दो पर सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किये। आर्य के अनुसार खनन के नाम पर खोली गई प्राइवेट चेक पोस्ट में जमकर उगाही हो रही है। सवाल यह है कि आखिर वो ऊपर वाला कौन है, जिसके दम पर लूट की जा रही है। लोगों से वसूली की जा रही है। लोगों का कहना है कि जो लोग मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात से भी नहीं डरते हैं, ऐसे लोगों पर किसका हाथ हो सकता है? आज सबसे बड़ा प्रश्न है कि आखिर देवभूमि में किसके इशारे पर माफियाराज को स्थापित किया जा रहा है? मैं हैरान हूं इस नए नवेले माफियातंत्र के आगे हमारे पुलिस के सिपाही से लेकर अधिकारी गिड़गिड़ा रहे हैं। आखिर कहां से हासिल की है इन माफियाओ ने इतनी ताकत? आज सरकार उत्तराखंड की जल, जंगल और जमीन को बेचने में जुटी हुई है। हमारी नदियों – गधेरों पर खनन का अधिकार भी आज यहाँ के निवासियों से छीना जा रहा है, एक के बाद एक नदियों, नालों, गधेरों के पाटों में निजी पट्टे दिये जा रहे हैं। ये निजी कंपनियां धीरे-धीरे बालू-बजरी निकालने और ढोने का काम भी स्थानीय लोगों से छीन लेंगे । कांग्रेस राज्य के जल-जंगल-जमीन की निजी हाथों में नीलामी के इस षड्यंत्र को कामयाब होने नही देगी। कांग्रेस लूट की छूट वाले इन निर्णयों के हर स्तर पर बिरोध करेगी। 50 साल के कानूनन भूमिधरी अधिकारों और सीलिंग के सभी निर्णयों के बाद भी जिला अधिकारी उधमसिंह द्वारा गीटा एक्ट में नोटिस देना और संक्रमणीय अधिकार वाले हजारों भूमिधरों की भूमि की खरीद-बिक्री रोकने के निर्णय 20 गांवों के निवासियों को अकारण परेशान करने वाला निर्णय है या इन नोटिसों को किसी छुपे हुए उद्देश्य को पुरा करने के लिए दिया गया ।आज भी सारे किसान भाई न्याय कि माँग को लेकर धरने पर बाजपुर में बैठे है लेकिन गूँगी बाहरी सरकार सोई हुई है ।

## नगर निकाय चुनाव के लिए बुलाना होगा विशेष सत्र!

### नगर निगम संशोधन विधेयक प्रवर समिति लेगी निर्णय

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में नगर निकाय चुनाव लटकने की फिर संभावना नजर आ रही है। विधानसभा में नगर निगम संशोधन विधेयक प्रवर समिति को भेजने के फैसले से जल्द चुनाव की संभावनाएं कमजोर पड़ती दिख रही हैं। प्रवर समिति की रिपोर्ट सदन के पटल पर रखने और विधेयक के मंजूर होने के बाद ही चुनाव का रास्ता खुलेगा। उत्तराखंड में नगर निकायों का कार्यकाल दिसंबर 2023 में समाप्त हो गया था, तब से निकायों में प्रशासक तैनात हैं। जून में प्रशासकों का कार्यकाल छह माह के लिए बढ़ाया जा चुका है। दूसरी ओर हाईकोर्ट का सरकार पर जल्द से जल्द चुनाव कराने का दबाव है। दो दिन पहले ही हाईकोर्ट में हुई सुनवाई में शहरी विकास विभाग की ओर से 25 अक्तूबर तक हर हाल में चुनाव प्रक्रिया पूरी कराने का दावा किया गया था। इन दावों के बीच शुक्रवार को गैरसैंण में विधानसभा में विधेयक प्रवर समिति को भेजे जाने के फैसले के बाद पूरे मामले में एक नया मोड़ आ गया है। विधेयक प्रवर समिति को भेजने के बाद अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। ऐसे में पांच सितंबर को हाईकोर्ट में होने वाली सुनवाई बेहद अहम हो गई है। इसमें हाईकोर्ट की ओर से क्या रुख अख्तियार किया जाता है, इस पर सभी की नजर है। क्योंकि विधेयक प्रवर समिति को भेजने के बाद शहरी विकास विभाग के भी हाथ पूरी तरह बंध गए हैं। प्रवर समिति की रिपोर्ट आने और विधानसभा से विधेयक पारित होने तक, शहरी विकास विभाग अब अपने स्तर पर निकाय चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का कोई फैसला नहीं ले सकता। इसके अलावा सरकार हाल ही में कैबिनेट बैठक में अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ को नगर निगम बनाने का फैसला ले चुकी है, हालांकि इसका भी जीओ जारी होना बाकी है। प्रवर समिति को अपनी रिपोर्ट एक महीने में देनी है। इस रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखने और विधानसभा से विधेयक पारित कराने को विशेष सत्र बुलाना होगा। क्योंकि मानसून सत्र के बाद अब शीतकालीन सत्र नवंबर-दिसंबर से पहले नहीं होने वाला है। यदि विधेयक पारित कराने को शीतकालीन सत्र तक का इंतजार किया जाएगा तो निकाय चुनाव अगले साल तक टलने तय हैं। सचिव शहरी विकास नितेश झा के अनुसारनिकाय चुनाव के संबंध में सभी कानूनी पहलुओं पर विचार किया जाएगा। पूरा मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। आगे कानूनी रूप से जो भी चीजें तय होंगी, उसी के अनुरूप आगे बढ़ा जाएगा।

## युवाओं ने फूंका सीएम का पुतला

गदरपुर(उद संवाददाता)। तस्लीम जहां हत्याकांड से नाराज युवाओं ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। शुक्रवार को दोपहर बाद वार्ड नंबर एक निवासी सावेद अंसारी के नेतृत्व में दर्जनों लोग बस अड्डा पुल के पास एकत्रित हुए और तस्लीम जहां हत्याकांड से नाराज युवाओं ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला आग के हवाले किया। सावेद अंसारी ने बताया कि पुलिस ने तस्लीम जहां हत्याकांड में फर्जी



खुलासा किया है ऐसा कहना पीड़ित परिजनों का है। सावेद ने कहा कि जिले में अपराध बढ़ गया है जिस पर सरकार अंकुश लगाने में नाकामयाब साबित हो रही है। इसी के चलते आज उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला दहन किया गया है। इस दौरान जुनैद अंसारी, हनी सिंह,नितेश कुमार, उवेश अब्बास, इरशाद अल्वी, लाडला अल्वी,सद्दाम अल्वी सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## महाराष्ट्र में विवादित बयान पर मुस्लिम समाज ने फूंका पुतला

गदरपुर(उद संवाददाता)। नासिक महाराष्ट्र में आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में आक्रोश बढ़ गया है। नाराज गदरपुर के लोगों ने शुक्रवार शाम को कब्रिस्तान वाली रोड पर प्रदर्शन कर पुतला जलाया। इसमें कारी मौलाना आरिफ ने कहा कि रामगिरी महाराज के विवादित बयान से मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है।उन्होंने मामले में कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान सलीम बाबा, इरफान अली, असलम पाशा, शकिर अली, शाकिर हुसैन, साजिद पाशा, सिराजुद्दीन, फरदीन, अनस, मो. शरीफ, जावेद, सलीम रिजवी, मो. युनिस, मो. आजम, नदीम अहमद, रिजवान, यासीन, साहिद, आजम, अकील अहमद, मो. शकील, भूरा, यामीन पाशा मौजूद रहे।



## बाईक पर अवैध शराब ले जाता एक गिरफ्तार, साथी फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को बाईक पर अवैध शराब ले जाते गिरफ्तार कर उसके पास से 229 पाऊच अवैध शराब बरामद की। जबकि उसका साथी पुलिस को चकमा देकर मौंके से भाग गया। जानकारी के अनुसार कानि. संतोष रावत व विनोद खत्री केलाखेडा व गदरपुर क्षेत्र मे चैक्गि रहे थे। जब वह अपने वाहन मे तेल भराने हेतु भगवानपुर पैट्रौल पम्प पर गये तो वहां एक मोटर साईकिल मे दो व्यक्ति बैठे दिखे मोटर साईकिल की टंकी मे एक कट्टा तथा दो व्यक्तियो के बीच मे एक अन्य कट्टा रखा हुआ था। तभी एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भाग गया। संदेह होने पर पुलिस ने मोटर साईकिल सवार को दो कट्टो के साथ पकड लिया । पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता संदीप सिह पुत्र हरनाम सिह निवासी बिन्दुखेडा तथा भागने वाले अपने साथी का नाम बिक्की उर्फ बाबी निवासी बिन्दुखेडा बताया। तलाशी लेने पर दोनों कट्टों से कुल 229 पाऊच अवैध शराब के बरामद हुए। पुलिस ने बाईक व शराब कब्जे में लेकर संदीप सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## युवक पर चाकू से किया हमला

रामनगर (उद संवाददाता)। शुक्रवार की देर रात रामनगर में घर से बाजार जा रहे एक युवक पर कुछ युवकों द्वारा हमला बोलते हुए उस पर चाकू से कई वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि ग्राम पूछडी निवासी इमरान शुक्रवार की रात घर से बाजार जा रहा था इसी बीच रास्ते में चार युवकों ने उसे घेर कर उस पर चाकू से हमला



करते हुए उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। कोतवाल ने बताया कि मामले में आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को रवाना किया गया है।

## चौफुला से युवती हुई लापता

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। शहर के चौफुला दमुवाढूंगा क्षेत्र से एक 18 वर्ष की युवती लापता हो गई है। परिजनों ने पुलिस में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। चौफुला चौराहा दमुवाढूंगा निवासी तौफिक पुत्र रीफान में पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी 18 वर्षीय बहन आसमा बानो 14 अगस्त को घर से बिना बताए कहीं चली गई। उसकी हर जगह तलाश भी की लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। उसने पुलिस से बहन को बरामद करने की गुहार लगाई है।

## उपकारागार से बाइक चोरी

हल्द्वानी। उपकारागार हल्द्वानी परसर से बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। हल्दीखाल दमुवाढूंगा निवासी हेम सिंह पुत्र बच्ची सिंह ने हीरानगर चौकी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वह बीती 13 जून को अपने परिचित से मिलने के लिए उपकारागार हल्द्वानी में गया था। उसने अपनी बाइक परिसर में खड़ी कर दी। जब वह वापस लौटा तो बाइक गायब थी। उसने पुलिस से बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है।

## पेज एक का शेष...

**पुलिस के खिलाफ ..**जैसे नारे भी बार-बार लगाते नजर आये। छात्र-छात्राओं ने एसएसपी कार्यालय परिसर के मुख्य द्वार के समक्ष धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। छात्र छात्राओं ने अरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन तस्लीम जहां हत्याकांड की जांच को लेकर निष्पक्ष कार्यवाही नहीं कर रही है । इस बीच वार्ता के लिये आये एसपी सिटी मनोज कात्याल ने रोषित छात्र-छात्राओं को समझाने की कोशिश की और कहा कि पुलिस वार्ता के लिये तैयार है। छात्र-छात्राओं में से 5 लोगों का शिष्टमण्डल वार्ता के लिये आ सकता है। लेकिन छात्र-छात्राओं ने उनकी बात को अनसुना कर नारेबाजी जारी रखी। समाचार लिखे जाने तक धरना प्रदर्शन जारी था। इस दौरान मोहित शर्मा, हिमांशु सिंह,मोहम्मद असलम, रजत विष्ट, मो. आलीम, अनमोल, सचिन वर्मा, अक्षित छाबड़ा, मुस्कान, रिया मेहता, शुभम, बॉबी गुप्ता, साहिल, अनमोल त्रिपाठी, अनमोल कालड़ा, नाजिक्ष,शालू टम्टा, गौरव शुक्ला, धर्मेन्द्र सैनी, अनुभव पाल, जसवंत गंगवार, निखिल,अमित मण्डल, गुरबाज सिंह, जश्नदीप सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थें।

**जिला अस्पताल में ...**खोरी का खेल भी दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में कुत्ता काटने पर इंजेक्शन लगाने आये मरीजों को परेशान किया जा रहा है। उन्हें इंजेक्शन नहीं लगाये जा रहे हैं। चिकित्सालय में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हैं। यहां मरीजों के दु:ख दर्द को सुनने वाला कोई अधिकारी नहीं है। श्री ठुकराल ने कहा कि यदि चिकित्सालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं को शीघ्र दूर नहीं किया गया तो वह जनता को साथ लेकर चिकित्सालय में आन्दोलन शुरू कर देंगे। जिसकी जिम्मेवारी चिकित्सा अधिकारियों की होगीं। इस दौरान समाजसेवी संजय ठुकराल,जगदीश सुखीजा ,अंकित चंद्रा,आकाश बठला, फुदीना सैनी, राज कोली सोनू विश्वास,जोम्मी , ललित बिष्ट आदेश गंगवार सुखविंदर चीमा प्रकाश मौर्य मनोज कुमार सुधांशु कुमार बंटी कोली चंद्रपाल,राम सिंह बिष्ट,अजय मंडल,बंटी राणा, प्रशांत विश्वास आदि थे।

**एसटीएफ ने पकड़ी...** पुत्र त्रिलोक सिंह निवासी काशीपुर को गिरफ्तार कर लिया। मकान के अन्दर से भारी मात्रा में गुलाब मार्का की तैयार नकली शराब व कैमिकल ,कच्चा माल व नकली शराब बनाने के उपकरण बरामद किये गये। इसके साथ ही उत्तराखण्ड सरकार के कूटरचित हजारों की संख्या में होलोग्राम भी बरामद हुए हैं। दोनों युवकों द्वारा किराये पर मकान लेकर पिछले 1 महीने से उसमें नकली शराब की फैक्ट्री चलायी जा रही थी जो कि एक रिहायशी इलाका था। आस-पास के लोगों को इसकी भनक तक नही थी। तैयार शराब को उत्तराखण्ड के कई जनपदों में सप्लाई किया जा रहा था नकली शराब को बनाने के लिए रॉ मटेरियल व उपकरण उ0प्र0 से जिस व्यक्ति द्वारा सप्लाई कराये जा रहे थे उसका भी ठोस सुराग एसटीएफ को मिला है। पकड़ने वाली टीम में एसटीएफ के उपनिरीक्षक के0जी0 मठपाल, बृजभूषण गुररानी, अपर उपनिरीक्षक प्रकाश भगत, मुख्य आरक्षी जगपाल सिंह, मुख्य आरक्षी रविंद्र सिंह बिष्ट, गोविंद सिंह बिष्ट, आरक्षी मोहित वर्मा, गुरवंत सिंह,दीपक भट्ट,संजय कुमार, काशीपुर पुलिस के निरीक्षक सोनू सिंह, मुख्य आरक्षी कैलाश भट्ट, आईटीआई थाने के उपनिरीक्षक ,प्रकाश बिष्ट, अपर उपनिरीक्षक पुष्कर भट्ट आदि शामिल थे।

**मां बेटी से छेड़छाड़...** पत्नी को बुरी तरह से मारने पीटकर छेड़खानी करने लगे और पुत्री से अभद्रता की। आरोप है दानिश ने दुकान में कड़ाही में खोलते तेल को उसकी पत्नी एवं पुत्री के चेहरे पर फैक दिया जिससे उनके चेहरे बुरी तरह से झुलस गये। साथ ही जलता हुआ सिलेण्डर घर व दुकान में फैककर ब्लास्ट करके पूरे परिवार को जिन्दा जलाने का प्रयास किया गया। शोर शराबा सुनकर घटना स्थल पर काफी लोग आ गये जिन्होने किसी तरह हमारे परिवार को उक्त हमलावरों के चंगुल से छुडाया। रफीक का आरोप है। कि एक आरोपी ने उसे हास्पीटल में भी धमकी दी । मामले की शिकायत पुलिस से करने के बाद भी काई कार्रवाई नहीं हुई कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर ली है।

**प्रदर्शन के दौरान...**चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। जबकि बेहोश छात्र को प्रदर्शन स्थल पर पानी पिलाकर व धरना स्थल से दूर ले जाकर प्राथमिक उपचार दिया गया। बताया जाता है कि कई किलोमीटर पैदल मार्च के पश्चात एसएसपी कार्यालय के बाहर किये जा रहे प्रदर्शन के दौरान गरमी और भीड़ के चलते उक्त छात्राओं को चक्कर आ गये और वह बेहोश हो गई। फिलहाल छात्राओं की हालत स्थिर है।

**डम्पर की टक्कर से ...**चिकित्सकों ने पार्वती को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतका पार्वती के दो पुत्र सूरजपाल व सुनील कुमार तथा एक विवाहित पुत्री सुनीता हैं। सूरजपाल एक ट्रांसपोर्ट कम्पनी में काम कर परिवार का भरण पोषण कर रहा है। जबकि सुनील बीकॉम में पढ़ता है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# विधानसभा से पारित 'विधेयक' ने उड़ाए 'नेताओं के होश'

## नगर निकाय प्रमुख के दोषी सिद्ध होने तक पद पर बने रहने का रिवाज हुआ खत्म, सदाचार संबंधी नोटिस जारी होते ही अब शक्तियां हो जाएंगी सीज

-अर्श-

गैरसैण। बीते रोज गैरसैंण में संपन्न हुए उत्तराखंड विधानसभा के मानसून सत्र में पारित एक विधेयक ने सूबे के तमाम छोटे बड़े राजनेताओं के होश उड़ा दिए हैं। जी हां, हम बात कर रहे हैं बीते रोज उत्तराखंड विधानसभा से पारित हुए उत्तराखंड उत्तर प्रदेश नगर पालिका संशोधन अधिनियम 2024 की। जिसके अंतर्गत यह प्रावधान किया गया है कि अब प्रदेश की नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों में भ्रष्टाचार या दूसरे नियम विरुद्ध काम करने वाले अध्यक्ष, उपाध्यक्षों पर तुरंत कार्रवाई होगी। कदाचार के आरोप का नोटिस जारी होते ही भविष्यगत जांच के आधार पर जहां उनकी शक्तियां तत्काल प्रभाव से सीज हो जाएंगी, वहीं दोष सिद्ध होने पर उनकी सदस्यता खत्म होने के साथ ही चुनाव लड़ने पर पांच साल का प्रतिबंध लग जाएगा। विधानसभा से पारित उपरोक्त विधायक ने उन नगर पंचायत अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों की नींद उड़ा दी है, जिनके विरुद्ध कोई जांच लंबित है। साथ ही भविष्य में नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर आसीन होने का सपना संजोए उत्तराखंड के सभी छोटे एवं मझौल नेताओं को भी इस विधायक ने एक नई टेंशन दे दी है ,क्योंकि अब से पहले भ्रष्टाचार अथवा कोई नियम विरुद्ध काम करने अथवा किसी कदाचार के आरोप की स्थिति में आरोपी कदाचारी दोष सिद्ध होने तक अपने पद पर बना रहता था और उसे अपने कदाचार की लीपा पोती करने का पूरा समय मिल जाता था। बताना होगा कि



अधिनियम में प्रस्तावित बदलावों के लिए बृहस्पतिवार को सदन में उत्तराखंड उत्तर प्रदेश नगर पालिका संशोधन अधिनियम 2024 पेश किया गया था। जिसमें अब तक चली आ रही व्यवस्था, जिसके तहत नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों में अगर कोई अध्यक्ष, चेयरमैन या उपाध्यक्ष भ्रष्टाचार या अन्य किसी मामले में लिप्त होते थे, तो उनकी शक्तियां आखिर तक सीज नहीं हो पाती थीं तथा इसके चलते आरोपों व जांच के बीच ही उनका कार्यकाल पूरा हो जाता था, को बदलने का प्रावधान किया गया है । अब मूल अधिनियम की धारा 48 की उपधारा दो में बदलाव किए गए है। इसके तहत अगर प्रथम दृष्टया अध्यक्ष या उपाध्यक्ष जांच में दोषी पाए जाएंगे, तो उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। इस नोटिस के दिन से ही उनकी प्रशासनिक व अन्य शक्तियां सीज हो जाएंगी। उनकी जगह निकाय की जिम्मेदारी जिलाधिकारी की ओर से नामित अधिकारी संभालेंगे। अधिनियम में ये भी प्रावधान किया गया है कि इस धारा-48 की उपधारा 2-क व ख के अधीन दोषी पाने पर, वह नगर पालिका चेयरमैन या नगर पंचायत का अध्यक्ष नहीं रहेगा, साथ ही ही वह उस निकाय का सदस्य भी नहीं रहेगा तथा उस पर अगले पांच साल तक चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध भी लगा दिया जाएगा। खास बात तो यह है कि इस उपाधारा के तहत जारी आदेश को किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकेगी। ज्ञात हो की प्रदेश के कई नगर निकायों में भ्रष्टाचार व अन्य आरोपों की जांच हो चुकी है तथा शहरी विकास निदेशालय की रिपोर्ट पर नोटिस भी जारी किए गए थे, लेकिन बात इससे आगे नहीं बढ़ पा रही है। माना जा रहा कि इस विधेयक के आने के बाद जांच व कार्रवाई तेजी होगी।

# आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने किया मॉक ड्रिल

नैनीताल(उद संवाददाता)। भीमताल विकास भवन में शुक्रवार को पिथौरागढ़ से 15 किमी दूर 6.5 रिएक्टर स्केल भूकंप आने की घटना से निपटने के लिए लीलावती पंत राजकीय इन्टर कालेज भीमताल मे मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान मॉक ड्रिल में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फायर, वन, लोनिवि, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, प्रशासन, आईटीबीपी ने प्रतिभाग किया। मॉक ड्रिल के दौरान लीलावती पंत राजकीय इन्टर कालेज के दोमंजिला भवन से 14 घायलों का रेक्स्यू किया गया। जिनमें 2 गम्भीर घायलों को एबुंलेंस के द्वारा चिकित्सालय में भेजा गया तथा 12 घायलों का प्राथमिक उपचार स्टेजिंग एरिया विकास भवन भीमताल में किया गया और फंसे लोगां को एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमों द्वारा सुरक्षित स्थानों पर पहुचाया गया। स्टेजिंग एरिया विकास भवन में खाद्य विभाग द्वारा पीडितों को राशन सामग्री वितरित की गई। पर जिलाधिकारी पीआर चौहान ने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन योजना की समीक्षा करना और मानक संचालन प्रक्रिया का मूल्यांकन करना है, ताकि संबंधित व्यक्ति जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपने कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें। उन्होंने कहा पर्वतीय क्षेत्र होने के कारण हमें हमेशा तैयार रहना होगा इसके लिए सभी विभागो के साथ स्थानीय लोगो से आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। विकास भवन सभागार में अपर जिलाधिकारी ने मॉक ड्रिल के बारे में विस्तार से चर्चा की और कहा मॉक ड्रिल अभ्यास के दौरान कही कमी है तो उस कमी को दूर करना होगा। इसके लिए हमें समन्वय बनाकर कार्य करना होगा। मॉकड्रिल में एनडीआरएफ ले0कर्नल अनिल, एएसपी हरबंश सिंह, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, इंस्पेक्टर आईटीबीपी प्रवल सिंह के साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।









# व्यापारियों ने की प्रशासन द्वारा दुकान हटाने के दिए नोटिस की निंदा

हल्द्वानी (उद संवाददाता) ।संयुक्त व्यापारी संघर्ष समिति द्वारा हिन्दू धर्मशाला में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला जिला प्रशासन द्वारा आनन फानन में व्यापारियों की दुकानों को स्वयं हटाने के लिए दिए गए नोटिस की कड़े शब्दों में निंदा की गई और जल्द ही इस तुगलकी फरमान को वापस लिए जाने पर जोर दिया। बैठक में 12 सदस्यों का एक प्रतिनिधि मंडल बनाया गया जो प्रशासन के समक्ष व्यापारियों का पक्ष रखकर उन्हें उजड़ने से पूर्व विस्थापित करने पर वार्ता करेगा और साथ ही प्रभावित दुकानों के लिए छतिपूर्ति की मांग करेगा। व्यापारी प्रतिनिधियों द्वारा आपस में वार्ता कर12 सदस्यों के दल को लिखित रूप से हस्ताक्षर कर अपना प्रतिनिधि नियुक्त करते हुए कहा कि ये दल जो व्यापारियों के हितों हेतु निर्णय लेगा वो सर्वमान्य होगा। आज की बैठक में पीड़ित व्यापारियों को समर्थन देने भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मंडी समिति अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, निवर्तमान महापौर जोगिंदर सिंह रौतेला, निवर्तमान जिला अध्यक्ष प्रदीप बिस्ट, पूर्व राज्य दर्जा मंत्री ललित जोशी, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रताप रैकवाल भी उपस्थित रहे। उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा।जल्द ही प्रभावित व्यापारियों के शिष्टमंडल की वार्ता शासन प्रशासन से कराई जाएगी और व्यापारी का पक्ष मजबूती से रखा जायेगा। बैठक में पीड़ित व्यापारियों के साथ व्यापारी प्रतिनिधि के रूप मेंजिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, हर्षवर्धन पांडे, मनोज जायसवाल, संदीप सक्सेना, रूपेंद्र नागर, पवन सागर, पंकज कंसल, बृजेश तिवारी डब्बू, किरन जोशी, मयंक गुप्ता, तनिष्क शर्मा, अमरजीत सिंह चड्ढा, दल्ली नागपाल, अखिल भंडारी, परमजीत सिंह संटी, हरि मोहन अरोड़ा, पंकज कपूर, प्रेम चौधरी, बलविंदर सिंह, मुकेश ढींगरा, गोविंद बगड़वाल , राजीव जायसवाल, मनीष वर्मा, सतविंदर अरोड़ा, लकी अरोड़ा, विकास धीगड़ा, मो. अनीस, केतन गुप्ता, राजू जोशी, अशोक कुमार, बलबीर सिंह, संजय कुमार, इंदरजीत सिंह, पवन सागर, मयंक गुप्ता, रिंकल आदि उपस्थित रहे।

